सतना | शनिवार । 13 सितम्बर 2025 । वर्ष 27 । अंक 013 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

सतना 27वां वर्ष संस्करण



5 कांग्रेस की अमानवीयता की भी हद-रिजिजू



6 मोदी से व्यापार वार्ता के लिए सहमत हुए ट्रंप




7 जन औषधि केंद्र होंगे और करीब



8 तो नंगा होकर मैदान के चक्कर मारूंगा!

# किसानों की चिंता दूर होगी

## हर प्रभावित खेत का होगा सर्वे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**रतलाम 12 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवृष्टि से जहां भी फसलों को नुकसान हुआ है, वहाँ हर खेत का सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा. किसान भाई चिंता न करें, राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है. मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को रतलाम जिले की सैलाना तहसील के करिया गांव में अतिवृष्टि एवं पीला मोजेक से प्रभावित फसलों का अवलोकन किया.**

उन्होंने किसान मनोहर लाल मालवीय और राधेश्याम पाटीदार के खेतों में जाकर सोयाबीन की फसल का जायजा लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस संकट से किसानों को उबारेगी.

हम आपके साथ में है, चिंता मत करो. मुख्यमंत्री ने करिया में किसान राधेश्याम पाटीदार को ढांढस बंधाते हुए यह बात कही. उन्होंने राधे श्याम पाटीदार सहित अन्य किसानों के खेत में जाकर प्रभावित फसलों का मुआयना किया और कहा कि मुसीबत की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ में हैं और सरकार से हर संभव मदद दी जाएगी.



खेतों में फसल निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान चौपाल में किसान भाइयों से संवाद भी किया. उन्होंने कहा कि किसानों के प्रति केन्द्र एवं प्रदेश सरकार संवेदनशील है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के हित के लिए किसान सम्मान निधि दी जा रही है. साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा भी किसानों को सहायता राशि दी जा रही है. प्रदेश के 30 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जाएंगे. गायों के लिए गौ शालाएं बनाई गई है, जिससे निराश्रित गाय खेतों को नुकसान नहीं पहुंचा सकें किसान भाई जरा भी चिंता न करें, सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र में जहां भी नुकसान हुआ है हर खेत का पारदर्शिता के साथ पूरा सर्वे होगा.

> मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को खराब हुई फसलों का सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए. किसानों की मांग पर ग्राम रियावन से ग्राम कालूखेड़ा की सड़क बनाने की घोषणा भी की. भ्रमण के दौरान जिले के प्रभारी एवं जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रसादी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई शंभुलाल चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे.

# सुशीला नेपाल की पहली महिला पीएम

## तीन और मंत्रियों को दिलाई शपथ, कैबिनेट में कोई जेन-जेड नेता नहीं

**काठमांडू 12 सितंबर, सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं. उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई. उनके अलावा कुलमान घीसिंग, ओम प्रकाश अर्याल, बालानंद शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली. इस कैबिनेट में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों का कोई भी नेता शामिल नहीं है।**

सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनना इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्हें अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने में संवैधानिक अवरोध आ रहा था. नेपाल के संविधान का आर्टिकल 132 कहता है कि जो न्यायमूर्ति रह चुके वे देश में कोई और पद नहीं ले सकते. इस अवरोध को विशेष हालात में तोड़ने की व्यवस्था संविधान में नहीं है. इसके बाद भी उनके नाम पर अनौपचारिक सहमति बनना बड़ी बात है. सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की मुखिया बनाने को लेकर बड़ी संख्या में जेन-जेड युवाओं ने उनके नाम का समर्थन किया था. इसके अलावा कार्की ने बीएचयू से पढ़ाई की है और माना जा रहा है कि वे भारत के साथ रिश्तों को संतुलित करने में सक्षम होंगी. नेपाल में जेन-जेड के प्रदर्शन के बाद जब पीएम ने इस्तीफा दिया था तो सबसे पहले काठमांडू के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह का नाम मुख्य तौर पर अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए सामने आया था, लेकिन बालेंद्र शाह ने खुद आगे आकर अंतिम प्रधानमंत्री के लिए सुशीला कार्की का नाम आगे बढ़ाया था.



### सिंह दरबार में नया पीएम ऑफिस तैयार

सिंह दरबार में नया पीएम ऑफिस तैयार कर दिया गया है. यह ऑफिस होम मिनिस्ट्री के लिए बनाई गई बिल्डिंग में तैयार किया गया. दो दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार कॉम्पलेक्स की मुख्य बिल्डिंग में आग लगा दी थी, इस वजह से नया ऑफिस होम मिनिस्ट्री की बिल्डिंग में बनाया गया.

### कौन है सुशीला कार्की?

- सुशीला कार्की का जन्म 7 जून 1952 को नेपाल के बिराटनगर में हुआ था.
- 1975 में उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की और 1978 में त्रिभुवन विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की.
- 1979 में विराटनगर में एक वकील के रूप में अपना कानूनी करियर शुरू किया.
- 2009 में सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बनीं.
- 2016 में नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं. भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने अडिग रुख के लिए उन्हें पहचान मिली, विशेष रूप से भ्रष्टाचार के आरोपों में वर्तमान मंत्री जय प्रकाश गुप्ता को दोषी ठहराने और कारावास का आदेश देने के लिए.

### एक नजर में



#### कंगना रनौत को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली.** अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा. कोर्ट ने 2021 के किसान आंदोलन में एक महिला प्रदर्शनकारी के खिलाफ किए गए उनके ट्वीट से जुड़े मानहानि मामले को रद्द करने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. इसके बाद कंगना ने अपनी याचिका वापस ले ली. मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कंगना के वकील से तीखे सवाल किए.


#### पूरे देश को साफ हवा का हक: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए।

# सीपी राधाकृष्णन 15वें उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली। सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति की शपथ ले ली है। सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राधाकृष्णन को राष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। दरअसल, सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की।**

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कैबिनेट के कई बड़े मंत्री मौजूद रहे. राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति के पद की शपथ लेने के बाद शुक्रवार को यहां राज्यसभा के सभापति का कार्यभार ग्रहण कर लिया।



### 53 दिन बाद पहली बार नजर आए जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति के शपथग्रहण समारोह के खास मौके पर पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी पहुंचे. उन्होंने उपराष्ट्रपति से हाथ मिलाया. दरअसल, 21 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पहला मौका था, जब जगदीप धनखड़ सार्वजनिक तौर पर नजर आए। जगदीप धनखड़ के साथ पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और हामिद अंसारी भी इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद के इस्तीफे के 53 दिन बाद तक धनखड़ किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नजर नहीं आए थे। इस्तीफे के बाद यह पहला मौका रहा, जब किसी सार्वजनिक स्थान पर धनखड़ को देखा गया।

# भारत-ईयू के बीच व्यापक मुक्त व्यापार समझौते होंगे जल्द

**नई दिल्ली, 12 सितम्बर** .केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज शुक्रवार को नई दिल्ली में यूरोपीय संघ के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ईयू के कृषि और खाद्य आयुक्त क्रिस्टोफ हेन्सन, व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक और अन्य प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। बैठक का मकसद भारत-ईयू के बीच व्यापक मुक्त व्यापार समझौते को जल्द पूरा करना है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, भारत एक संतुलित और परस्पर लाभकारी एफटीए के लिए प्रतिबद्ध है, जो व्यवसायों के लिए नए रास्ते खोलेगा और भारत एवं यूरोप दोनों की साझा प्रगति को मजबूत करेगा।

# दिल्ली हाईकोर्ट में बम की धमकी अफवाह

### सीजेआई ने दोनों हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 12 सितम्बर (वार्ता) दिल्ली उच्च न्यायालय में शुक्रवार सुबह बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद पूरे परिसर की गहन जांच कराई गई, जिसमें यह धमकी अफवाह साबित हुई। वहीं घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी तुरंत सक्रिय हो गया है.**

सूत्रों के मुताबिक सीजेआई बी.आर. गवई ने दोनों हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से तत्काल रिपोर्ट मांगी है और सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल को पूरे घटनाक्रम पर नजर रखते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं.



दिल्ली उच्च न्यायालय को ईमेल के जरिए धमकी मिली थी कि परिसर में तीन बम रखे गए है और इनमें अपराह्न दो बजे तक विस्फोट हो सकता है। पुलिस ने यह सूचना मिलने पर तुरंत अदालत को खाली कराया और पूरे परिसर की जांच की गई। जांच में कहीं भी विस्फोटक या बम नहीं पाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह मेल पूर्वाह्न आठ बजकर 38 मिनट पर कनिमोझी थेविद्या नाम से दिल्ली हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजा गया था।

> ईमेल मिलते ही तुरंत उच्च न्यायालय प्रशासन ने अलर्ट जारी किया और दिल्ली पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और साइबर सेल की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच की ।न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और न्यायालय में उपस्थित अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और पूरे परिसर को खाली कराया गया।

# पीएम मोदी आज से मणिपुर समेत 4 राज्यों का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों के तीन दिन के दौरे के दौरान मिजोरम, मणिपुर, असम और बिहार में आर्थिक सामाजिक अवसंरचना क्षेत्र की 71,850 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।**

प्रधानमंत्री शनिवार से शुरू हो रहे इस दौरे के आखिरी दिन सोमवार को पश्चिम बंगाल भी जाएंगे और कोलकाता में सशस्त्र सेनाओं के कमांडरों के 16वें



संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंत्रिपरिषद के सहयोगी अश्विनी वैष्णव के एक लेख को टैग करते हुए लिखा जिसमें बताया गया है कि कैसे पूर्वोत्तर देश में अग्रणी बन रहा है।

# स्पाइस जेट विमान का पहिया गिरा

## मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग, यात्री बाल-बाल बचे


**मुंबई, 12 सितंबर. गुजरात के कांडला से मुंबई जा रहे स्पाइसजेट के एक विमान में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. टेक-ऑफ के दौरान विमान का एक पहिया टूटकर रनवे पर ही गिर गया, लेकिन पायलट की सूझबूझ और मुंबई एयरपोर्ट के बचाव दल की तत्परता से विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की.**

इस घटना में सभी 75 यात्री और क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं.यह घटना शुक्रवार को तब हुई, जब स्पाइसजेट का बॉम्बार्डियर त्त॥400 विमान कांडला एयरपोर्ट से उड़ान भर रहा था.




विमान के हवा में आते ही, उसका एक बाहरी पहिया टूटकर रनवे पर गिर गया. कांडला एयर ट्रैफिक कंट्रोल के अधिकारियों ने तुरंत इस बात को नोटिस किया और पायलट को घटना की जानकारी दी.एटीसी जीप को तत्काल रनवे पर भेजा गया, जहां विमान के टूटे हुए पहिए और उसके धातु के रिंग बिखरे पड़े मिले.

# आदरांजलि



**स्व. रामगोपालजी माहेश्वरी**

महाप्रयाण

13 सितंबर 1999

एषा ब्राह्मी स्थिति पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्त कालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति।।

ब्राह्मी स्थिति में रहने वाला महात्मा पुरुष इस अवस्था को प्राप्त करके मोहग्रस्त नहीं होता है तथा अन्त समय में भी इस ब्रह्म निष्ठा में स्थित होकर ब्रह्मानंद गति को प्राप्त करता है.

नव भारत Central Chronicle परिवार

**समारोह** | बाबूजी स्व. रामगोपालजी माहेश्वरी की स्मृति में परंपरागत आयोजन का आज 26वां वर्ष

# आज दोपहर में विचार मंथन, रात्रि में काव्य निशा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 12 सितम्बर, का. 'नवभारत' पत्र समूह के संस्थापक स्व. श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी 'बाबूजी' की 26वीं पुण्यतिथि नवभारत परिवार द्वारा आज परंपरागत रूप से वैचारिक आयोजन के साथ मनाई जाएगी.**

13 सितंबर को आयोजित 'विचार मंथन' दोपहर में 3 बजे और रात्रि 8 बजे काव्य निशा का आयोजन होगा. कार्यक्रम बैकुण्ठ मार्ग स्थित श्री संपत मोदानी के वल्लभा परिसर में रखा गया है.

जिले के एक मात्र इस वैचारिक आयोजन में इस वर्ष विचार मंथन का विषय- 'प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल' रखा गया है.

विचार मंथन में इस वर्ष मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् 'जलपुरुष' डॉ राजेन्द्र सिंह के साथ ही तीन अन्य विद्वान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी नई दिल्ली, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना) मप्र, विषय विवेचन- वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा खण्डवा के व्याख्यान



होंगे. विचार मंथन में प्रमुख अतिथिगण मप्र शासन के मंत्री द्वय नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोड़मल नागर, जिले के विधायकगण मोहन शर्मा, श्री हजारी लाल दांगी, अमरसिंह यादव, जिपं अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर की मौजूदगी में होगा.

> **फूहड़ता से दूर उत्कृष्ट काव्य रसपान करेंगे श्रोता**
>
> बाबूजी की पुण्यतिथि पर हमेशा की तरह रात्रि को 'काव्य निशा' का आयोजन होगा. जिसमें कवि सम्मेलन की फूहड़ता से दूर उत्कृष्ट काव्य रसपान करने का अवसर श्रोताओं को मिलेगा. शनिवार की रात्रि 08 बजे से काव्यनिशा शुरू होगी. जिसमें पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना), गीतकार संदीप द्विवेदी कवि भोपाल, हास्य-व्यंग्यकार गिरजेश वैष्णव, रामगंजमंडी राजस्थान, ओजस्वी गीतकार नरेन्द्र अटल -महेश्वर (मप्र), प्रियंका मिश्रा कवियत्री, श्रृंगारिक गीतकार विजयराघौगढ़ कटनी, युवा गीतकार सचिन 'सावन' शाजापुर, गजलकार अकबर ताज खण्डवा, कवियत्री ऋचा गौड़ इंदौर शामिल है. जबकि काव्य निशा के सूत्रधार और मंच संचालक पिड़ावा राजस्थान के वरिष्ठ कवि अनिल जैन 'उपहार' होंगे.